पेज थ्री देहरादून

देहरादून, रविवार, 24 अप्रैल 2022


माता मंगला से भेंट करते करते स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नशा मुक्ति केंद्र में दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद जागा सिस्टम

**संवाददाता** देहरादून। हाल ही में क्लेमेनटाउन स्थित नशा मुक्ति केंद्र में दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद सिस्टम जागा है। अब दून के निजी नशा मुक्ति केंद्रों की जांच के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है। जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किए। बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत संचालित हो रहे नशामुक्ति केंद्र से कई तरह की शिकायत प्राप्त होने के बाद सभी निजी नशामुक्ति केंद्रों की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है।

### प्रदेश में विद्युत कटौती सरकार की बहुत बड़ी नाकामीः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार की अदूरदर्शिता एवं लापरवाही की वजह से भयंकर गर्मी के दिनों में जनता को विद्युत कटौती की वजह से मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है द्य यहां तक की बिजली पर आश्रित कारोबारियों एवं उद्योगपतियों को अपना कारोबार/उद्योग बंद कर इसकी वजह से भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, जिसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार है।

### चोरी के माल सहित चौकीदार गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। निर्माणाधीन पुल पर कार्य करने वाली कम्पनी का सामान चोरी होने के मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक कबाड़ी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी में मुख्य दो आरोपी कम्पनी में कार्यरत चौकीदार है जिनके पास से चुराया गया माल भी बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार बीती 21 अप्रैल को विपिन कुमार पुत्र हरीदास निवासी माजरी द्वारा थाना श्यामपुर में तहरीर देकर बताया गया था कि एनएच–74 में उनकी कम्पनी निर्माणाधीन पुल में कार्य करती है।

### राफ्टिंग के कारण बदरीनाथ हाईवे जाम

**संवाददाता** ऋषिकेश। भले ही ऋषिकेश राफ्टिंग के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुका हो, लेकिन बद्रीनाथ हाईवे से आने–जाने वाले यात्रियों के लिए राफ्टिंग एक ऐसा सरदर्द बन चुका है कि लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं। चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले ऋषिकेश से लेकर शिवपुरी तक की यात्रा किसी के लिए भी किसी सरदर्द से कम नहीं है क्योंकि राफ्टिंग कारोबारियों की बेतरतीब आवाजाही के कारण इस मार्ग पर हमेशा ही जाम की स्थिति बनी रहती है।

# सुशासन और जनकल्याण को समर्पित धामी 2.0 सरकार

**संदेश**

■ जनता से किये वादों को पूरा करने के लिए एक माह में लिये महत्वपूर्ण फैसले

**संवाददाता**




देहरादून। उत्तराखण्ड की धामी 2.0 सरकार ने अपना एक माह का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवधि में मुख्यमंत्री धामी अटैकिंग मोड में रहे। उनका जोर प्रशासनिक सुधार और सुशासन पर रहा। जीरो टॉलरेंस और पारदर्शी प्रशासन को लेकर उन्होंने सख्त संदेश दिए। कई कड़े फैसलों से भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया। भ्रष्टाचारियों की सीधी शिकायत के लिए भ्रष्टाचार मुक्त एप–1064' भी लॉच किया गया। समान नागरिक संहिता को लागू करने और बाहरी नागरिकों के वेरिफिकेशन पर की गई ठोस पहल की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 5 नवम्बर 2021 को केदारनाथ धाम में आदिगुरू शंकराचार्य की मूर्ति का अनावरण करते हुए कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखण्ड का होगा। मोदी जी की इस सोच को सूत्रवाक्य मानकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सधे कदमों से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अगले एक दशक में उन्हें मोदी जी के इस सपने को हकीकत में बदलना है लिहाजा, अपनी दूसरी पारी में सूझबूझ के साथ वह अपने कदम आगे बढ़ा रहे हैं। अब तक कई ऐसी पहल कर चुके हैं जो आगे चलकर उत्तराखण्ड की तरक्की में मील का पत्थर साबित होंगे। लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद पुष्कर सिंह धामी ने पहली कैबिनेट में ही अपने इरादे साफ कर दिए। समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर चुनाव से पूर्व किए अपने वायदे को पूरा करने की दिशा में उन्होंने महत्वपूर्ण कदम उठाया। धामी 2.0 सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिये विशेषज्ञों की समिति बनाई जाएगी। न्यायविदों, सेवानिवृत्त जजों, समाज के प्रबुद्ध जनों और अन्य स्टेकहाल्डर्स की एक कमेटी गठित की जाएगी जो कि उत्तराखण्ड राज्य के लिये यूनिफार्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करेगी।

मुख्यमंत्री जानते हैं कि देवभूमि उत्तराखण्ड की संस्कृति एवं शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिये जरूरी है कि अराजक तत्व राज्य में प्रवेश न कर पाए। इसके लिये उन्होंने प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर नागरिकों का सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल शुरु कर दिया गया है। तीर्थाटन को बढ़ावा मिले इसके लिए चारधाम सर्किट में आने वाले सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भौतिक ढांचे और परिवहन सुविधाओं का विस्तार करने की योजना बनाई गई है। कुमायूं के प्राचीन मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन की शुरूआत जल्द होने वाली है। मिशन मायापुरी के अंतर्गत हरिद्वार को योग की अंतरराष्ट्रीय राजधानी और विश्व में आध्यात्मिक पर्यटन के लिये सबसे बड़े स्थलों के रूप में बदलने के लिये उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री धामी जनहित से जुड़े कई कल्याणकारी फैसले भी ले चुके हैं। निर्णय लिया गया है कि उत्तराखण्ड में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अब पात्र पति व पत्नी दोनों को लाभ मिल सकेगा। इतना ही नहीं वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा भरण पोषण अनुदान तथा दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत प्रदत्त दर 1200 रुपये प्रतिमाह में 200 रुपये की वृद्धि की गई है। अब इनमें प्रतिमाह 1400 रुपये पेंशन प्राप्त होगी। बुनियादी सुविधाओं के विकास पर भी मुख्यमंत्री धामी लगातार ध्यान दे रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना का खाका तैयार कर लिया गया है।

### महिला सशक्तीकरण धामी सरकार की प्राथमिकता

महिला सशक्तीकरण धामी सरकार की प्राथमिकता में है। महिला स्वयं सहायता समूहों की सहायता के लिये एक विशेष कोष गठित करने का निर्णय ले लिया गया है। चुनाव पूर्व जनता से किया गया तीन सिलेण्डर मुफ्त देने के वायदे को पूरा करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

# सरकार आजीविका बढ़ाने के लिए स्वरोजगार पर दे रही विशेष ध्यान

**सराहना**

■ सीएम ने शुक्लापुर में हैस्को के कार्यों को देखा, जल संचय व संवर्द्धन के कार्यों को सराहा

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को शुक्लापुर, देहरादून में हैस्को के संस्थापक पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी द्वारा हैस्को के माध्यम से की जा रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने जल संचय, प्रकृति के संवर्द्धन के लिए सराहनीय कार्य किये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में उनके द्वारा अच्छे प्रयास किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयोग काफी सहायक सिद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए स्वरोजगार पर विशेष ध्यान दे रही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी ब्राडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपदों में अलग–अलग उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में अनेक प्राकृतिक संपदाएं हैं। राज्य सरकार द्वारा लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने एवं जल संचय एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने सुझाव भी दिये। उन्होंने हैस्को द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने हैस्को द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया गया।

### स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने माता मंगला से भेंटकर लिया आशीर्वाद

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने हंस फाउंडेशन की परमाध्यक्ष मंगला माता से देहरादून स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने मंगला माता से कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर वार्ता की। विधानसभा अध्यक्ष ने मंगला माता से शिष्टाचार भेंट के दौरान उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। ऋतु खंडूड़ी ने कोटद्वार विधानसभा से संबंधित विभिन्न विषयों के लिए हंस फाउंडेशन के सहयोग की अपेक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की फाउंडेशन पूरे देश में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को अपनी छत्रछाया में नया जीवन और उनकी अभिलाषाओं को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दौरान मंगला माता ने भी विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि समाज सेवा एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए वह हर पल उनके साथ है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।